पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

कक्षा -३

दिसम्बर माह का पाठ्यक्रम

२०२०-२०२१

पाठ-११-मीरा बहन और बाघ

पाठ-१२-जब मुझे सांप ने काटा

व्याकरण-अनेक शब्द के लिए एक शब्द

-मुहावरे

लेखन-कहानी- “प्यासा कौआ”

निबंध- “मेरा विद्यालय”

# पाठ-११

# मीरा बहन और बाघ

*कहानी का सार-मीरा बहन का जन्म इंग्लैंड हुआ था| गांधीजी के विचारों का उन पर बहुत ही असर हुआ था| वह अपने माता –पिता को छोड़ कर भारत आ कर गांधीजी के साथ काम करने लगी| आजादी के पांच साल बाद मीराबहन ने उत्तर प्रदेश के एक गेंवली गाँव में गुपाल आश्रम की स्थापना की | उनका सारा समय पशु-पक्षी की देखभाल में गुजर जाता| गाँव एक बाघ के आतंक से परेशान था |बाघ गांववालों के पशु उठा ले जाता ,जिससे गांववालों ने मीरा बहन के साथ बैठ कर एक योजना बनाई और बाघ को पकड़ने का फैसला किया| बाघ के लिए एक पिंजरा बनवाया गया और उसे ऐसी जगह पर रखा गया जहां बाघ आता था| पिंजरे का दरवाजा खुला रखा गया और और उसमें एक बकरी भी बांधी| सुबह जब पिंजरे का दरवाजा बंद देखा तो लोग खुश हो गए किबाघ पिंजरे में बंद कैद हो गया ,परन्तु पिंजरा खाली देख कर सभी हैरान थे |वह सभी मीरा बहन के पास गए| मीरा बहन ने बताया कि बाघ को इस तरह बंधक बनाना सही नही लग रहा था इसलिए वह रात में पिंजरे का दरवाजा बंद करके आ गई | किसी को धोखा देकर नही फ़साना चाहिए-

## *-शब्दार्थ-

१-आज़ादी-मुक्ति ,स्वतंत्रता
२-खतरनाक-भयानक
३-खबर-समाचार
४-चिंता-फ़िक्र
५-कैद-बंधन
६-योजना-कम करने की रूपरेखा
७-धोखा-छल-कपट

## *-अति लघु प्रश्न-उत्तर-

प्र-१-मीरा बहन जा जन्म कहाँ हुआ था?
उ-१-इंग्लैड में हुआ था |
प्र-२-मीरा बहन अपने माता-पिता को छोड़ कर कहाँ आ गई थीं?
उ-२-भारत आ गई थीं|
प्र-३-उत्तर-प्रदेश के पहाडी गाँव में अक्सर किसका दर बना रहता था?
उ-३-बाघ के हदर बना रहता|
प्र-४-गाँव में लोगों ने किसके साथ बाघ को पकड़ने की योजना बनाई?
उ-४-मीरा बहन के साथ|
प्र-५-क्या बाघ पिंजरे में कैद हुआ ?
उ-५-नही |

## ∗-प्रश्न-उत्तर-

प्र-१-मीरा बहन पर किसके विचारों का असर था?

उ-१-मीरा बहन पर गांधी जी के विचारों का असर था|

प्र-२-मीरा बहन ने अपने आश्रम की स्थापना कहाँ की?

उ-२-मीरा बहन ने अपने आश्रम की स्थापना उत्तर प्रदेश के गेंवली गाँव में की|

प्र-३-बाघ कभी कभी गेंवली गाँव तक क्यों चला आता ?

उ-३-जंगल काटने के कारण,शिकार की तलाश में बाघ कभी कभी गेंवली गाँव तक चला आता|

प्र-४-गेंवली गाँव में एक बार कौन सी घटना घटी ,जिससे लोग भयभीत हो गए?

उ-४-गेंवली गाँव में एक बार बाघ ने एक गाय का शिकार किया ,जिससे लोग भयभीत हो गए कि बाघ कही उनका भी शिकार न कर डाले|

प्र-५-बाघ के आतंक से छुटकारा पाने के लिए लोगून ने क्या निश्चय किया?

उ-५-बाघ के आतंक से छुटकारा पाने के लिए लोगों ने बाघ को कैद करने की योजना बनाई|

प्र-६-बाघ को कैद करने के लिए काउ सी योजना बनाई गई ?

उ-६-पिंजरे में बकरी बाँध कर पिंजरा रखा गया |

प्र-७-पिंजरा कहाँ रखा गया?

उ-७-जहां बाघ अक्सर आता था ,पिंजरा वहां रखा गया|

प्र-८-लोग क्यों काकित हुए?

उ-८-खाली पिंजरा देख कर लोग चकित हुए|

प्र-९-पिंजरे का दरवाजा किसने बंद किया था?

उ-९-पिंजरे का दरवाजा रात में मीरा बहन ने बंद किया था|

## ∗-रिक्त स्थानों की पूर्ति –

१-मीरा बहन गांधी जी के साथ काम करने लगी|

२-मीरा बहन का बहुत सारा समय पालतू पशुओं की देख भाल में बीतता था|

३-बाघ ने गाँव में घुस कर एक गाय को मार डाला था|

४-अपनी चिंता लेकर लोग मीरा बहन के पास गोपाल आश्रम गए|

५-सुबह होते ही लोग पिंजरा देखने निकल पड़े|

## ∗-सही जोड़ मिलाइए-

| | |
|---|---|
| १-अंत | अ-दिन |
| २-अपना | ब-आरंभ |
| ३-पालतू | क-पराया |
| ४-रात | ख-जंगली |

(उत्तर -१-ब, २-क, ३-ख, ४-अ )

## ∗-व्याकरण-(अनेक शब्द के लिए एक शब्द)

१-जो चित्र बनाए-चित्रकार
२-जिसमें दया हो-दयालु
३-जो धर्म को मानता हो-धार्मिक
४-जो सेना में काम करे-सैनिक
५-जो पढ़ा-लिखा हो-शिक्षित
६-लड़ी-झगडा करनेवाला-झगडालू
७-जिसमें बल न हो-निर्बल
८-जो बीमारों का ईलाज करे-चिकित्सक
९-जो मूर्ती बनाए-मूर्तिकार
१०-जिसे भय न हो-निर्भय
११-कभी ना मरनेवाला-अमर
१२-जो सोने का काम करे-सुनार
१३-जो लकड़ी का काम करे-बढई
१४-जो भारत में रहता हो-भारतीय

## ∗कहानी लेखन- (प्यासा कौआ)

एक बार एक कौआ था| वह बहत प्यास था| उपास से उसका गला सूख रहा था| वह पानी की खोज में जगह घूम रहा था, पर उसे कही भी पानी नही मिला | वह आकाश में थोड़ा और ऊंचा उड़ा,तो दूर उसको एक घड़ा दिखाई दिया | कौआ तेजी से उड़ता हुआ घड़े के पास पहुँच गया | उसने घड़े में देखा पानी था ,परन्तु बहुत नीचे था| वह नीचे पानी तक नही पहुँच पा रहा था| उसने इधर –उधर देखा ,उसे पास ही कुछ कंकड़ नजर आए|

उसे एक उपाय सूजा ,वह एक-एक कंकड़ उठा कर लता और घड़े में डाल देता| इस तरह धीरे-धीरे पानी ऊपर आ गया और कौआ पानी पी कर अपने घर लौट गया |

-----------------------------------------

## पाठ-१२

# जब मुझे सांप ने काटा

*कहानी का सार-यह कहानी लेखक स्वयं की है| लेखक कहते है कि जब वह छोटे थे तब अपनी नानी के गाँव में रहते थे | वहां बहत हरियाली थी और बहुत सरे नारियल के पेड़ थे | वही कभी कभी सांप के बच्चे या केचुए निकल आता था | वह बच्चे को देखके=र नारियल के खोल में घुस जाते| वह खोल को ऊपर से बंद कर देता और  नानी  को दिखाया करता था ,नानी बहुत चीखती चिल्लाती कि इन जीवों से खेला नही करो| नानाजी भी मुझे खबरदार करते कि सांप बहुत खतरनाक होते है ,इनके पास नही जाना| एह दिन में पेड़ के आसपास खेल रहा थी कि मुझे एक बर्र ने काट लिया दर्द से मैं चिल्लाने लगा नानी से सोचा मुझे सांप ने काट लिया है | वह नानाजी को पुकारने लगी नानाजी मुझे गोद में उठा कर कही भागे जा रहे थे, मुझे समझ नही आ रहा था | नानाजी मुझे लेकर दूर एक झोपड़ी में गए ,वहां एक आदमी से बोले कि इस बच्चे को सांप ने काट लिया है आप झाड-फूंक कर दो | बूढा आदमी ने मेरी उंगली पकड़ कर देखने लगा | मई उसे बताना चाहता था किमुझे सांप ने नही बर्र ने काटा है पर बुधी आदमी ने मुझे चुप बैठने को बोला| वह आदमी एक ग्लास में पानी लाया और मेरे सामने देख कर मन्त्र पढने लगा| मई बार बार कोशिश कात्या बताने की ,पर हर बार नाना जी जोर से पकड़ कर बैठा देते |कुछ देर मंत्र पढने के बाद उस आदमी ने पानी से मेरी उंगली धोई और थोड़ा पानी मुझे पिला दिया| थोड़ी देर बाद आदमी बोला अब बच्चा खतरे से बहार है अच्छा हुआ इसको मेरे पास ले आये| मेर नाना नानी बहुत खुश हुए और बार बार उस बूढे आदमी का धन्यवाद किया और बहुत सी चीज-वस्तुएं भेंट के रूप में दी | मुझे उस आदमी के धुंग पैर बहुत गुस्सा आ रहा था| किस तरह ढोगी बाबा भोले और सीधे साधे लोगों को ठग लेते है|

## *कठिन शब्द-

| | | | |
|---|---|---|---|
| १-रेंगता | २-नारियल | ३-पत्थर | ४-चीख-पुकार |
| ५-खबरदार | ६-खतरनाक | ७-कोशिश | ८-उंगली |
| ९-मंत्र | १०-झाड़-फूंक | ११-धन्यवाद | |

## *शब्दार्थ-

| | |
|---|---|
| १-रेंगना-जमीन पर सरकना | २-खोल-खाली छीलका |
| ३-चीखना-पुकारना-जोर से रोना | ४-खतरनाक-भयानक ,डरावना |
| ५-कोशिश-प्रयास | ६-झाड-फूंक-बबलोग जो मंत्र पढ़कर सर पर फूंकना |
| ७-ढोंग-नाटक | |

## *-अति लघु प्रश्न-उत्तर-

प्र-१-बच्चे को देखते ही सांप कहाँ छुप गया?

उ-१-बच्चे को देकहते ही सांप नारियल के खोल में छुप गया|

प्र-२-नानी जोर-जोर से क्यों चीख-पुकार रही थी?

उ-२-नानी समझी, बच्चे को सांप ने काट लिया है इअस्लिये चीख-पुकार रही थी|

प्र-३-बच्चे को किसने काटा था?

उ-३-बच्चे को बर्र ने काटा था|

प्र-४-नाना बच्चे को लेकर कहाँ गए?

उ-४-नानाजी बच्चे को लेकर झांड=फूंक करने वाले बाबा के पास ले गए|

प्र-५-बूढे आदमी ने बच्चे को क्या पिलाया?

उ-५-बूढे आदमी ने मंत्र झाड-फूंक वाला पानी पिला दिया ?

प्र-६-क्या सचमुच बूढे आदमी ने कोई इलाज किया था ?

उ-६-नही,बूढे आदमी ने इलाज करने का नाटक किया था|

## *-प्रश्न-उत्तर-

प्र-१-यह कहानी किसकी है?

उ-१-यह कहानी लेखक की है |

प्र-२-बच्चे ने सांप को कहाँ देखा और उसने सांप को किस में डाल दिया ?

उ-२-बच्चे ने सांप को अपने घर के अहाते में देखा, जब सांप नारियल के खोल में घुस गया तो बच्चे ने खोल को ऊपर से बंद कर दिया |

प्र-३-नानाजी ने बच्चे को खबरदार करते हुए क्या कहा?

उ-३-नानाजी ने बच्चे को खबरदार करते हुए कहा कि कभी भी सांप के पास नही जाना यह बहुत खतरनाक होते है?

प्र-४-नानाजी ने बूढे आदमी से क्या कहा ?

उ-४-नानाजी ने बूढे आदमी से कहा कि बच्चे को सांप ने काट लिया है आप कोई झाड-फूंक कर दो|

प्र-५-बच्चे बार-बार बाहे आदमी और अपने नाना को क्या बताना चाहता था? क्या वह बता पाया ?

उ-५-बच्चा बार-बार अपने नाना और बूढे आदमी को बताना चाहता था कि उसे सांप ने नही बल्कि एक बर्रे कटा है,परन्तु हर बार उसको चुप कर के बैठा दिया जाता |

प्र-६-बूढे आदमी ने बच्चे का इलाज कैसे किया ?

उ-६-बूढे आदमी ने पानी में कोई मंत्र पढ़कर फूंके पानी से बच्चे की उगली धोई और थोड़ा पानी बच्चे को पिला दिया|

प्र-७-बच्चे का इलाज करे के बाद बूढ़े आदमी ने नानाजी से क्या कहा?

उ-७-इलाज करने के बाद बूढ़े आदमी ने नानाजी से कहा कि इसको बहुत जहरीले सांप ने काटा था | अच्छा हुआ आप इअको मेरे पास ले आये|

## *-कौन क्या करता है?-

१-पूजारी—मंदिरों में पूजा करता है|

२-डाक्टर-रोगियों का इलाज करता है|

३-वकील-मुकदमा लड़ता है|

४-बढई-लकड़ी का काम करता है|

## *-वाक्य सही हैं या गलत -

१-बच्चे ने कमरे ने सांप को देखा था| (गलत)

२-बच्चे ने सांप की बात नानी को बताई| (सही)

३-नारियल के खोल में से निकल कर सांप घर मरण घुस गया| (गलत)

४-नानाजी ने बूढ़े आदमी को बहुत सी चीजें भेंट में दी| (सही)

## *-शब्दों से वाक्य बनाओ-

१-रेगना- सड़क पर घायल कुत्ता रेंगता हुआ रो रहा था|

२-खतरनाक- सांप को पकड़ना खतरनाक काम है|

३-कोशिश- कोशिश करने से कठिन काम भी आसान हो जाते है|

४-दर्द- बच्चा बर्र के काटने पर दर्द से कराह रहा था|

## *-व्याकरण-मुहावरे-

*-लम्बी बात को कम शब्दों में कहने की कला को मुहावरा कहते है|

१-कान भरना-भड़काना

२-लाल-पिला होना-बहुत गुस्सा होना

३-पेट में चूहे कूदना-बहुत भूख लगना

४-चेहरा खिल उठना-बहुत खुश होना

५-गाँठ बाँधना-याद रखना

६-आँख लगना-नींद आना

७-मुंह में पानी आना-खाने का मन काना

८-मुंह की खाना-बुरी तरह हारना

९-हाथ साफ़ करना-चोरी करना

९-ईंद का चाँद होना-कभी-कभी दिखना

१०-घुटने टेकना-हार मान लेना

११-नाक में दम करना-बहुत परेशान करना

१२-आँख का तारा होना नहुत प्यारा होना

# *निबंध लेखन -(मेरा विद्यालय)

१-मेरे विद्यालय का नाम ‘पूना इंटरनॅशनल स्कूल है |

२-मेरा विद्यालय में नर्सरी से १२वी कक्षा तक पढाई होती है|

३-मेरा विद्यालय बहुत बड़ा और बहुत शांत  जगह पर बना हुआ है|

४-यह दो मंजिला इमारत है और बहुत ही सुन्दर रंग की है|

५-मेरे विद्यालय में कुल पचास कक्षा खंड है|

७-जिसमें एक पुस्तकालय , एक कंप्यूटर कक्ष और एक प्रयोगशाला कक्ष हैं|

८-सभी कक्षाएं रोशनी से भरपूर और वातानुकूलित हैं|

९-मेरे विद्यालय में एक खेल का मैदान ,एक भोजनालय ,और एक सुन्दर बगीचा है|

१०-मेरे विद्यालय में एक छोटी सी गौशाला भी है ,जहां पर खूब सारी गाये हैं|

११-मेरे विद्यालय के सभी शिक्षकगण बहुत ही अच्छे व् विनम्र हैं|

१२-मुझे अपने विद्यालय से बहुत प्यार है, कयोंकि यह सबसे अच्छा है|

-----------------------------------------------